श्याम मेरा जीवन गुलज़ार कर दे | by Toshi Kaur

मुझपे भी थोड़ा सा उपकार कर दे
श्याम मेरा जीवन भी गुलज़ार कर दे
दिल का ये सपना भी साकार कर दे
श्याम मेरा जीवन भी गुलज़ार कर दे

शरण में जो आया निभाया है तुमने
चरणों के काबिल बनाया है तुमने
दिल में मेरे तेरी लगन , गाऊं यूँ ही तेरे भजन
खुशियों से झोली भी सरकार भर दे
श्याम मेरा जीवन भी गुलज़ार कर दे

सुना हमने सबसे दयालु बड़े हो
के भक्तों के संग में हमेशा खड़े हो
होगा ख़तम कब इंतज़ार , चाहूँ प्रभु तेरा दीदार
दयालु दया मुझ पे एक बार कर दे
श्याम मेरा जीवन भी गुलज़ार कर दे

थके हैं कदम भी हैं छूटे सहारे
सिवा तेरे मोहन किसे हम पुकारें
इतना नहीं लो इम्तेहान, मुश्किल में है बेटे की जान
मोहित के सर पे भी तू हाथ धर दे
श्याम मेरा जीवन भी गुलज़ार कर दे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%95/